

# जनप्रतिनिधियों ने सीएम को ही कर दिया गुमराह

**खास बातें**

- जमीन मिली नहीं और जनपद भवन का करा दिया भूमिपूजन
- 5 करोड़ 67 लाख 25 हजार की लागत से बनना है जनपद भवन
- जून 2026 में पूरा कराने का रखा गया टारगेट
- 2 एकड़ जमीन में बनना है नया जनपद भवन




नवभारत न्यूज

**विदिशा 2 जनवरी, सरकारी सिस्टम में अफसर शाही किस कदर हावी हो गई है कि वे सीएम को भी गुमराह करने से भी नहीं चूक रहे हैं. एक ही एक बानगी विदिशा में देखने को मिली कि किस तरह से सीएम मोहन यादव को गुमराह करते हुए विदिशा के उस जनपद भवन को भूमि पूजन करा दिया जिसके लिए अभी तक जमीन की अलाटमेंट ही नहीं हुई.मजे की बात तो यह कि इस भवन को पूर्ण करने की तारीख भी तय हो चुकी है.**

जनपद का यह भवन जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है. कई सालों से विदिशा जनपद पंचायत का भवन पुरानी कलेक्टोरेट के पास बने कई साल पुराने भवन से संचालित होता आ रहा है.यहां पर जगह की कमी के साथ भवन भी लगभग खण्डर हो चला है. इस जर्जन इमारत को देखते हुए नए जनपद पंचायत भवन की जरूरत महसूम की जा रही थी. जिसके बाद जनपद के नए भवन के लिए की फाइल चली और नए भवन के निर्माण की मंजूरी मिलने के साथ राशि भी जारी कर दी गई. लेकिन जमीन अलाटमेंट की फाइल अभी भी यहां से वहां भटक रही है.जनपद पंचायत विदिशा के नवीन जनपद भवन का निर्माण 5 करोड़ 67 लाख 25 हजार रुपये की लागत से प्रस्तावित है. निर्माण कार्य जून 2026 तक पूर्ण किया जाना था. जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा विदिशा जनपद को भवन निर्माण की राशि स्वीकृत की गई थी.

### जमीन के लिए 6 माह पहले लिखा गया था पत्र

बताया गया है कि नए जनपद भवन के लिए जमीन आंवटन कराने के संबंध में जनपद पंचायत के सीईओ ने कलेक्टर कार्यालय के लिए 21 जुलाई 2025 को पत्र लिखा गया था. पत्र में अनुरोध किया गया कि स्टांप शुल्क निधि से विदिशा में जनपद पंचायत भवन निर्माण होना है. जिसकी निर्माण एजेंसी आरईएस है. भवन निर्माण के लिए दो एकड़ जमीन की जरुरत होगी. दो एकड़ सरकारी जमीन आंवटिक कराने के कार्यवाही करें. जिससे निर्माण कार्य की अग्रीम कार्यवाही की जा सके. करीब 5 माह गुजर जाने के बाद भी आज तक जनपद को जमीन नहीं मिल सकी है.

### अटका जमीन का आवंटन, कंपोजिट भवन में बनेगा नया जनपद कार्यालय

विगत दिनों कुरवाई दौरे के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जनपद भवन निर्माण का भूमिपूजन भी करा दिया गया, जबकि निर्माण स्थल की भूमि अब तक विधिवत रूप से अलॉट नहीं हो सकी है. इस स्थिति को लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं. प्रस्तावित जनपद भवन का निर्माण स्वामी विवेकानंद चौराहा स्थित कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन परिसर में किया जाना है. अब देखना यह होगा कि जमीन आवंटन की बाधा कब दूर होती है और जनपद भवन का निर्माण कार्य वास्तव में कब शुरू हो पाता है.

### दो दिन में करा लेंगे जमीन आवंटित-सीईओ

इस पूरे मामले में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया का कहना है कि जमीन अलाट कराने का मामला प्रक्रिया में है 2 से 3 दिन में जमीन का आवंटन करा लिया जाएगा.

# नए सचिव प्रभार के लिए भटक रहे, पुराने सचिव का नहीं छूट रहा मोह

**अध्यक्ष सहित सीईओ से नया सचिव लगा रहा गुहार**

**अध्यक्ष ने सीईओ को सचिव को प्रभार दिलाने लिखा पत्र**

**सीईओ बोले सचिव पर गड़बड़ी के आरोप पर हुई है कार्यवाही**

नवभारत न्यूज

**विदिशा 2 जनवरी, एक पंचा. सचिव इतना पावरफुल, उसके आगे न तो अध्यक्ष की चल रही है और न ही सीईओ की. मामला विदिशा जनपद का है जहां पंचा.सचिव तबादले आदेश के बाद भी अपनी पुरानी पंचायत में डेला डाले हुए हैं और जो नया सचिव तबादला होकर पहुंचा है वह प्रभार के लिए पिछले कई महिनों से भटक रहा है. जो पुराना सचिव है वह जिला पंचायत के एक जनप्रतिनिधि का बेहद करीबी है. जिसके चलते वह पंचायत से हट नहीं रहा है. खासबात है कि पुराने सचिव पर गड़बड़ी करने के आरोप में जांच भी हुई थी और कार्यवाही भी हो चुकी है.ग्राम पंचायत खैरूआ हाट में सचिव का प्रभार नहीं सौंपे जाने से पंचायत कार्य प्रभावित हो रहे हैं.इस संबंध में नव पदस्थ सचिव रणधीर सिंह रघुवंशी ने जनपद पंचायत विदिशा में आवेदन प्रस्तुत कर पूर्व सचिव एवं सरपंच पर प्रभार न देने का आरोप लगाया है.**

आवेदन के अनुसार जिला पंचायत विदिशा के आदेश क्रमांक 298421 दिनांक 10.06.2025 के तहत रणधीरसिंह रघुवंशी का स्थानांतरण ग्राम पंचायत खैरूआ हाट में हुआ था. उन्होंने अपनी उपस्थिति ग्राम पंचायत के उपसरपंच के समक्ष दर्ज करा दी है. इसके बावजूद पूर्व सचिव नीलमसिंह बघेल द्वारा आज तक प्रभार नहीं सौंपा गया.जनपद पंचायत द्वारा पत्र क्रमांक 9711 में 16 अक्टूबर 2025 के माध्यम से नीलमसिंह बघेल (सचिव, खामखेड़ा लश्करपुर) को ग्राम पंचायत खैरूआहाट का प्रभार सौंपने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इनका पालन नहीं हुआ. बताया गया कि नीलमसिंह बघेल करीब 10 वर्षों से इसी ग्राम पंचायत में पदस्थ रहे हैं और उनके कार्यकाल से जुड़ी आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की जांच भी लंबित है. प्रभार न मिलने के कारण पंचायत के दैनिक व विकास कार्य बाधित हो रहे हैं. इस पूरे मामले को लेकर जनपद पंचायत अध्यक्ष ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखकर त्वरित व उचित कार्रवाई की मांग की है.

### क्या कहते हैं सचिव संघ अध्यक्ष

सचिव संघ के जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह रघुवंशी ने कहा कि बार बार कहने के बाद भी ट्रांसफर के 6 माह बाद भी यदि पूर्व सचिव ने नए सचिव को चार्ज नहीं दिया है तो यह गंभीर लापवारवाही हैं. मुझे लगता है राजनेतिक संरक्षण के कारण यह हालात बन रहे हैं. इस संबंध में जनपद सीईओ गगन वाजपेयी ने बताया कि खेरूआहाट तबादले के बाद सचिव रणधीर सिंह रघुवंशी ने सरपंच को उपस्थिति नहीं दी है जिसके चलते नीलम बघेल ही खेरूआ के सचिव रहेंगे इस संबंध में रणधीर रघुवंशी पर जिला स्तरीय कार्यवाही हुई है.

## मुकेश बने युवा जिलाध्यक्ष



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** यादव समाज (यदुवंशी) संगठन की जिला बैठक में सर्वसम्मति से मुकेश यादव को युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया. संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपते हुए युवाओं को समाजसेवा से जोड़ने का आह्वान किया.नियुक्ति के बाद मुकेश यादव ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त किया.उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने मुकेश यादव को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं.




# 56वीं कनारा ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज 4 जनवरी से

**दर्शकों के पास आईपीएल टिकट जीतने का मौका**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, 56वीं कनारा ट्रॉफी का आयोजन 4 जनवरी से शुरू होने जा रहा है, जो 15 जनवरी तक चलेगा. इस वर्ष टूर्नामेंट में देश भर की 12 नामचीन टीमें हिस्सा ले रही हैं,जो इंडियन नेवी, फैथ क्लब भोपाल, नागपुर , मेरठ, प्रयागराज, भोपाल लेपर्ड्स, एस एस क्लब दिल्ली, फरीदाबाद, गुजरात, उदयपुर, चंडीगढ़, कनारा विदिशा है जिसके चलते दर्शकों को रोमांचक और कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे. टी-20मैच इस बार लीग फॉर्मेट में खेले जाएगें आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष टूर्नामेंट का स्तर और भी भव्य होगा.**

खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए लाखों रुपये के इनाम रखे गए हैं.टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को 2 लाख रुपए. फाइनल में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 1 लाख रुपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा. मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर जैसे कई व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए जाएंगे. टूर्नामेंट सिर्फ खिलाड़ियों के लिए ही नहीं, बल्कि मैदान में आने वाले दर्शकों के लिए भी बेहद खास होगा. मैच देखने आने वाले दर्शकों को आईपीएल के टिकट जीतने का मौका मिलेगा. उक्त जानकारी कनारा क्रिकेट क्लब के सचिव नागेंद्र लोधी ने दी.

# गंजबासौदा सिविल अस्पताल को मिला स्त्री रोग विशेषज्ञ

**विधायक हरि सिंह रघुवंशी के प्रयासों से डॉ. भूपेंद्र सिंह चौहान ने शुरू की सेवाएं**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, नए वर्ष की शुरुआत गंजबासौदा के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी सौगात लेकर आई है. स्थानीय शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में हड्डी रोग विशेषज्ञ की स्थापना के बाद अब स्त्री रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना से स्वास्थ्य सेवाओं को और भी मजबूती मिली हैं.**

विधायक हरि सिंह रघुवंशी के विशेष प्रयासों और अनुशंसा से शुक्रवार से अस्पताल को विधिवत रूप से एक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र सिंह चौहान,(सर्जन) की सेवाएं मिलना प्रारंभ हो गई हैं. डॉ. चौहान ने रीवा मेडिकल कॉलेज से स्त्री रोग में एमएस (सर्जन) की डिग्री प्राप्त करने के बाद शुक्रवार से सिविल अस्पताल में अपनी सेवाएं प्रारंभ कर दी हैं. अब तक सिविल अस्पताल में महिला चिकित्सक के रूप में डॉ. लीना शर्मा पदस्थ थीं. डॉ. चौहान की पदस्थापना से महिला रोगियों को गर्भावस्था, प्रसूति एवं जटिल स्त्री रोग संबंधी समस्याओं के इलाज में बड़ी राहत मिलेगी. स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ सर्जिकल सुविधाएं उपलब्ध होने से मरीजों को बाहर रेफर करने की आवश्यकता भी कम होंगी. अब हृदय रोग विशेषज्ञ की भी मांग क्षेत्र वासियों द्वारा लगातार की जा रही है. विधायक रघुवंशी शासन स्तर पर लगातार पत्राचार कर शासकीय अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ की पदस्थापना के लिए प्रयास कर रहे हैं उम्मीद है इस वर्ष से हृदय रोग विशेषज्ञ की भी सेवाएं भी मिलना प्रारंभ हो जाएंगी.उल्लेखनीय है कि विधायक हरि सिंह रघुवंशी के प्रयासों से इससे पहले भी गंजबासौदा को हड्डी रोग विशेषज्ञ की सुविधा मिलना प्रारंभ हो गई हैं. हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. धर्मेंद्र रघुवंशी, जो वर्तमान में विदिशा मेडिकल कॉलेज में पदस्थ हैं, प्रत्येक बुधवार को सिविल अस्पताल गंजबासौदा पहुंचकर मरीजों का उपचार कर रहे हैं. डॉ चौहान ने शुक्रवार को बीएमओ डॉ. प्रवीण तिवारी एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. रविंद्र चिडार की मौजूदगी में औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण अपनी सेवाएं प्रारंभ कर दी. इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ ने उनका स्वागत किया.





# प्राकृतिक चिकित्सा पर सेमिनार 4 जनवरी को, डॉ. रमेश टेवानी करेंगे मार्गदर्शन

नवभारत न्यूज

**विदिशा , रोटरी ग्रेटर विदिशा एवं अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 4 जनवरी को प्राकृतिक चिकित्सा पर एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा. सेमिनार शहर के बीचों-बीच स्थित अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट के तारा देवी हाल में दोपहर 2. 30 बजे से प्रारंभ होगा.**

इस अवसर पर विश्व विख्यात प्राकृतिक चिकित्सक डॉ. रमेश टेवानी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे और प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व व लाभों पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे.रोटरी ग्रेटर विदिशा के अध्यक्ष राज अरोरा ने बताया कि गलत आचार, विचार, खान-पान, व्यवहार एवं कर्मों का दुष्परिणाम ही अधिकांश बीमारियों का कारण बनता है. सेमिनार में इन्हीं कारणों और उनके प्राकृतिक समाधान पर चर्चा की जाएगी.कार्यक्रम की जानकारी देते हुए चंद्र मोहन अग्रवाल ने बताया कि वे हाल ही में बैरागढ़ में आयोजित प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में 10 दिन रहकर लौटे हैं, जहां उन्हें इस पद्धति से उल्लेखनीय लाभ मिला. वहीं बीपी सिंह ने कहा कि हमारा रसोई घर औषधियों का भंडार है, आवश्यकता केवल सही मात्रा और सही उपयोग की जानकारी की है. वहीं कार्यक्रम के बारे में रोटे प्रकाश गोयल और रविंद्र जैन ने भी अपने विचार साझा किए. रोटरी ग्रेटर विदिशा ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस सेमिनार में भाग लेकर प्राकृतिक चिकित्सा के लाभों को समझें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं.

# श्रीरामदेव बाबा मंदिर पर होगा वार्षिकोत्सव, 16 से होगा शिव महापुराण

नवभारत न्यूज

**शमशाबाद,** श्री रामदेव बाबा मंदिर प्रांगण में मंदिर के वार्षिक उत्सव बसंत पंचमी के अवसर पर शिव महापुराण कथा के आयोजन की तैयारियाँ प्रारंभ हो गई हैं.बाबा रामदेव मंदिर के पुजारी पं. श्री गौरीशंकर शर्मा की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को समितियों का गठन कर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई.बैठक के पश्चात कथा स्थल स्थित शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर ध्वजा की स्थापना की गई. साथ ही शिव महापुराण कथा के प्रचार-प्रसार हेतु सामग्री का विमोचन किया गया, जिसमें समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे.शिव महापुराण कथा का आयोजन 16 जनवरी 2026 से 23 जनवरी 2026 तक किया जाएगा. कथा का वाचन भारत राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित, सुप्रसिद्ध भागवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. श्री अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी (गोल्ड मेडलिस्ट) के मुखारविंद से होगा.

# नए वर्ष में विधायक मुकेश टंडन की हुई प्रथम जनसुनवाई

नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज, शुक्रवार को ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी के सामुदायिक भवन गुलाबगंज में आयोजित विधायक मुकेश टंडन द्वारा नए वर्ष की प्रथम जनसुनवाई की गई एवं आए हुए समस्त अधिकारियों और ग्रामीणों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी् इसके पाश्चात्य आए हुए आवेदनों का मौके पर ही निराकरण विधायक मुकेश टंडन के द्वारा किया गया.**

साथ ही कुछ आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर निराकरण कर आवेदकों को बीपीएल का आदेश तुरंत ही विधायक के द्वारा दिया गया .जनसुनवाई के दौरान 15 आवेदकों द्वारा समस्या विधायक के सामने रखी गई .आवेदनों को उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी शशि मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेंद्र जैन, तहसीलदार पलक पीडीहा, लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एसडीओ प्रताप ठाकुर एवं अन्य समस्त विभाग के अधिकारियो ने विधायक मुकेश टंडन के निर्देश पर मौके पर समस्या को हल करने का प्रयास किया.इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कांग,राकेश कटारे,जनपद सदस्य जगदीश दांगी,सचिन यादव,सरपंच संघ के अध्यक्ष रामराज दांगी सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी ,आकाश खत्री,भाजपा नेता पीयूष शर्मा,राजकुमार रैकवार एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे.




## लुहांगी पहाड़ी पर आज नगर भंडारा

नवभारत न्यूज

**विदिशा ,** शहर के मध्य स्थित लुहांगी पहाड़ी पर माता अन्नपूर्णा दरबार में आज शनिवार, 3 जनवरी को नगर भंडारे का आयोजन किया गया है.मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के संस्थापक महिपाल सिंह राजा ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शनिवार को मां अन्नपूर्णा के दरबार में पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने सभी नगरवासियों से भंडारे में सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण करने एवं धर्म लाभ लेने की अपील की है.

# लाडली बहनों को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जाएगा जोर

**ठर्र गांव में हुआ आयोजन, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी हुए शामिल**




नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिले में कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान और किसान-मजदूर चौपाल का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी शामिल हुए. उन्होंने ग्राम ठर्र और अहमदपुर में मंडल, ग्राम व वार्ड स्तर पर समितियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया.**

जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस का विचार और संगठन भाजपा से ज्यादा मजबूत है, जरूरत सिर्फ उसे सही तरीके से लाइनअप करने की है. उन्होंने बताया कि 5 जनवरी से 20 जनवरी तक विशेष संगठन अभियान चलाया जाएगा, जिसमें वे स्वयं गांव-गांव जाकर संगठन की कमियों को चिन्हित कर सुधार करेंगे. कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा. किसान-मजदूर चौपाल में पटवारी ने किसानों की समस्याओं, भावांतर योजना और बढ़ती महंगाई को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय हो रहा है और कांग्रेस उनकी आवाज बनकर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी. लाडली बहन योजना पर कटाक्ष करते हुए पटवारी ने कहा कि सिर्फ 1500 रुपए देने से बहनें सशक्त नहीं होंगी.कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को स्थायी स्वरोजगार से जोड़ने को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें. उन्हे एक मस्त बड़ी रकम उपलब्ध कराई जाएगी और जरूरत के हिसाब से उन्हें लोन दिया जाएगा जिससे वह स्व रोजगार से लग सके. इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को लेकर उन्होंने भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पत्रकारों से किए गए व्यवहार की निंदा की. उन्होंने कहा कि नगर निकायों में गंदा पानी और अव्यवस्थाएं भ्रष्टाचार का परिणाम हैं. भाजपा पर 50 प्रतिशत से ज्यादा भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उन्होंने इसे 'नए भारत' की हकीकत बताया.

**शिविर** — **मां के नाम के पेड़ लगाते हैं और पिता के लगाए पेड़ों को काट डालते-सुरेंद्र दांगी**

# एनएसएस एक विविधता से भरा संयुक्त परिवार-डॉ पी.के जगा

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** एन.एस.एस एक संयुक्त और विविधता से भरा परिवार है. जब तक सीखते हैं, तब तक केम्प समाप्त हो जाते हैं.गंजबासौदा से पांच स्वयं सेवक पानीपत भेजे गए, साथ ही कार्यक्रम अधिकारी भी गंजबासौदा से ही भेजे गये. प्रत्येक स्वयं सेवक को परियोजना कार्य का व्यवहारिक अनुभव होना आवश्यक है.यह गौरव का अवसर रहा है कि गंजबासौदा के स्वयंसेवक को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिला.उन्होंने आह्वान किया कि एन.एस.एस स्वयंसेवक में जुनून होना आवश्यक है क्योंकि एन.एस.एस. हमें जीवन सिखाता है. एन.एस.एस . लक्ष्य नहीं बनाती बल्कि व्यक्तित्व का निर्माण कराती है.यह बात ग्राम हरदूखेडी़ प्राथमिक स्कूल परिसर में आयोजित सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल की बालक-बालिका इकाइयों के शिविर में जिला संगठक डॉ. पी.के जगा ने कही.राष्ट्रीय सेवा योजना के बौद्धिक सत्र में मौजूद पंचतत्व संस्था के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी ने बड़े ही सहज सरल अंदाज में समझाया कि खुश होने के लिए ज्यादा की जरुरत नहीं है.बस दुखी होने की आदत न बनने दें. शहर के शुद्ध पर्यावरण के लिए हम सभी का बड़ा योगदान है, हम सब हरियाली बढ़ाएं.विकास के नाम पर प्रदेश का 12 प्रतिशत वन क्षेत्र कम हो गया है.आज जो सुविधाएं हैं, वे राजाओं के पास भी नहीं थी। विकास के नाम पर विनाश चल रहा है. मां के पेड़ लगाते हैं, पिता के लगाए पेड़ काट डालते हैं.यह चिंतनीय है.समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि रक्त हर वक्त, लोगों के लिये आवश्यक है.तम्बाखू, सिगरेट पीने से जीवन के चार मिनिट कम हो जाते हैं.

उन्होंने कहा कि दृष्टि है तो सृष्टि है. स्वस्थ व्यक्ति एक दिन में तीन सिलेण्डर ऑक्सीजन प्रकृति से ग्रहण करते हैं.राजीव गांधी जन चिकित्सालय में नेत्र विशेषज्ञ दिनेश दुबे ने बच्चों की आंखों की जांच की.संस्था के डायरेक्टर के.एस. यादव एवं प्राचार्य उमेश यादव ने बौद्धिक सत्र में अपने विचार रखे.स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति अभियान पर नुक्कड़ नाटिका की शानदार प्रस्तुति दी. जिसकी अतिथियों ने जमकर सराहना की.इस अवसर पर हरियाणा पानीपत के शिविरार्थी कुणाल चौधरी ने शिविर के अनुभव सुनाते हुए बताया कि हमें प्रदेश का परिचय देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. शुक्रवार को एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने ग्राम में जागरुकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता, नशामुक्ति, एड्स जागरुकता के प्रति प्रेरित किया. बालक इकाई कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहानने सभी का आभार व्यक्त किया.बालिका इकाई प्रभारी श्रीमती रजनी गुप्ता, कॉर्डीनेटर प्रियंका अग्रवाल, गोविंद कुशवाह, शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल, विक्रम सिंह लोधी, सत्यम बबेले, शिफा खानम, दीक्षा राजपूत संदीप कुशवाह मौजूद रहे.




# मुरवास मदरसे में सद्भावना समिति की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**लटेरी,** मुरवास लटेरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नव वर्ष पर मुरवास मदरसा अरबिया सिराजुल उलूम मुरवास में गांव की सद्भावना समिति की बैठक आयोजित हुई यह बैठक प्रमोद कुमार जैन की अध्यक्षता में हुई जिसमें गांव के दोनों समुदाय के गणमान्य नागरिक शामिल हुए तथा आपसी सद्भाव और भाईचारे पर जोर दिया मुरवास मदरसे में गंगा जमुना तहजीब का दिया संदेश.समिति के सदस्यों ने एक दूसरे को नव वर्ष कि शुभकामनाएं दी मदरसा अरबिया सिराजुल उलूम मुरवास के संचालक मौलवी अनीस उर्रहमान की तरफ से सभी को भोजन कराया इस मौके पर मुरवास थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह डाबर,मदरसा समिति के अध्यक्ष हाजी मो. इलयाज खान (अमराई) मुरवास सरपंच उमर खान ,सतीश जैन,संतोष कुमार नामदेव, पूर्व सरपंच वहीद खान, पूर्व जनपद सदस्य सरदार सिंह कुशवाह,डॉ.ज्ञानेश सक्सेना,पूर्व सरपंच जहूर खान, राजेश शर्मा, पूरनलाल शर्मा, रिटा.शिक्षक अब्दुल अजीज खान, विनोद कुशवाह, हाफिज अनवर खान,शाजिद खान आदि उपस्थित रहे.